भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय

नागर विमानन मंत्रालय को साइबर सुरक्षा प्रकोष्ठ में कार्य करने के लिए एक युवा पेशेवर की सेवाओं की आवश्यकता है, जिसके लिए निम्नलिखित कार्य विवरण और योग्यताएं आवश्यक हैं।

कार्य अपेक्षाएं: अनुलग्नक-I में दिए गए विस्तृत संदर्भ नियमों के अनुसार है।

1. पात्रता

- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निम्नलिखित में से कोई भी डिग्री, जिसमें न्यूनतम 60% कुल अंक या समकक्ष सीजीपीए हो:

  I. सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर विज्ञान/साइबर सुरक्षा/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी या इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या समकक्ष डिग्री / सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर विज्ञान/साइबर सुरक्षा/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार के क्षेत्र में एम.टेक/एम.सी.ए. डिग्री।

और

  II. साइबर सुरक्षा से संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र: सीईएच/सीआईएसएसपी/सीआईएसए/ओएससीपी या साइबर सुरक्षा में डिप्लोमा।

2. अनुभव

- साइबर सुरक्षा के क्षेत्र के अपेक्षित डोमेन में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।

3. आयु सीमा: 21-32 वर्ष

4. पारिश्रमिक/शुल्क:-

- युवा पेशेवर के लिए समेकित पारिश्रमिक 75,000 रुपये प्रति माह (सर्वसमावेशी) निर्धारित किया जाएगा।

5. नियुक्ति की अवधि:

- प्रारंभ में, युवा प्रशेवरों की नियुक्ति की अवधि 1 वर्ष होगी, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर एक समय पर के लिए बढ़ाया जाएगा। युवा प्रशेवरों का अधिकतम निरंतर कार्यकाल तीन वर्ष (1+1+1) तक होगा, जो नागर विमानन मंत्रालय के दिशानिर्देशों में उल्लिखित कारकों के अध्यधीन होगा।

- इच्छुक उम्मीदवार संलग्न प्रारूप **(अनुलग्नक-II)** में अपना सीवी ईमेल/डाक द्वारा निम्नलिखित पते पर **दिनांक 30.06.2026 को शाम 5:00 बजे तक** भेज सकते हैं।

अवर सचिव भारत सरकार,
विमानन सुरक्षा अनुभाग,
नागर विमानन मंत्रालय,
'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली-110003
ईमेल पता: soas.moca@nic.in

<u>अनुलग्नक</u>-1

नागर विमानन मंत्रालय में युवा पेशेवर की नियुक्ति के लिए संदर्भ शर्तें।

निम्नलिखित कार्यों को पूरा करने में 'युवा पेशेवर' की सेवाओं का उपयोग किया जाएगा:

(क) साइबर सुरक्षा ऑडिट और वीएपीटी

- वेब एप्लिकेशन और मोबाइल एप्लिकेशन ऑडिटिंग (एंड्रॉइड और आईओएस सहित), सुभेद्यता आकलन, अनुपालन ऑडिट, कोड समीक्षा।
- सोर्स कोड सिक्योरिटी ऑडिट; सुरक्षा कमियों के लिए सोर्स कोड का निरीक्षण करना।
- वेब एप्लिकेशनों की रिमोट सुभेद्यता आकलन और सुरक्षा परीक्षण।
- वेबसाइट कोड की स्टैटिक सोर्स कोड सुभेद्यता ऑडिट और सुरक्षा परीक्षण।
- क्रिप्टोग्राफिक कार्यों और रूटीन कार्यों का सुरक्षा सत्यापन।
- सुभेद्यता आकलन और पेनिट्रेशन परीक्षण के लिए उपकरणों/समाधानों का मूल्यांकन

(ख) विश्लेषक/डेवलपर/ऑडिटर (विशेषज्ञ क्षेत्र)

- साइबर खतरे और भेद्यताओं की ट्रैकिंग और विश्लेषण
- भेद्यता विश्लेषण, एक्सप्लॉइट परीक्षण हेतु सहायता, स्क्रिप्ट लेखन, परामर्श संबंधी तैयारी।
- समस्या की परिभाषा, आवश्यकता विश्लेषण, प्रस्तावित समाधानों के समाधान डिजाइन विकास का मूल्यांकन करके परिचालन और क्रियान्वयन व्यवहार्यता का निर्धारण।
- डेवलपमेंट और सर्विस संबंधी समस्याओं को एकत्र करके, उनका विश्लेषण करके और उनका सारांश तैयार कर सूचना प्रदान करना।
- प्रणाली विश्लेषण करके, नीतियों और प्रक्रियाओं में बदलाव की सिफारिश करके, प्लेटफार्मों और उत्पादों की सिफारिश करके, उत्पादों का परीक्षण और अनुमोदन करके समग्र विकास प्रयासों में सुधार करना।
- मैलवेयर विश्लेषण और फोरेंसिक में सहायता के लिए स्क्रिप्ट के विकास के लिए दलों का नेतृत्व करना।

(ग) सामान्य अपेक्षाएं:

- प्रक्रियाओं, तकनीकी मामलों आदि का विश्लेषण।
- सॉफ्टवेयर जिसमें वर्ड, एक्सेल और/या पावर प्वाइंट प्रारूप शामिल हो सकते हैं, का उपयोग करके मसौदा रिपोर्ट तैयार करना।
- समन्वय कार्य और बैठकों में भाग लेना।
- बैठकों की कार्यसूची और कार्यवृत्त तैयार करना।

- सूचना, स्पष्टीकरण, अनुमोदनों आदि के लिए मंत्रालय, राज्य सरकारों और उद्योग आदि में हितधारकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।

- मंत्रालय और/या उद्योग मंच में निष्कर्ष और रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

- कार्मिक को सौंपी गई कोई अन्य प्रासंगिक जिम्मेदारी।

- यह एक पूर्णकालिक कार्यभार है। युवा पेशेवरों को राजीव गांधी भवन के परिसर में कार्यालय स्थान/उपकरण की आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। नागर विमानन मंत्रालय का कार्यालय समय लागू होगा। इसके अलावा, यदि आवश्यक हो तो उसे अवकाश के दिनों में या विस्तारित समयावधि के लिए कार्यालय में उपस्थित रहना होगा।

- दैनिक कार्यालय संचार, रिकॉर्ड का रखरखाव, रिपोर्ट तैयार करना, डेटा का संकलन और उसका विश्लेषण और अन्य सहायक कार्य।

अनुलग्नक- II

नागर विमानन मंत्रालय में युवा पेशेवर की नियुक्ति हेतु आवेदन प्रारूप

स्व-प्रमाणित फोटोग्राफ चिपकाएं

1. नाम :____
2. पित का नाम :____
3. जन्म तिथि :____
4. डोमिसाइल:____
5. राष्ट्रीयता :____

6\. डाक पता (टेलीफोन/मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल सहित):_____________________

____

7. स्थायी पता: ____

____

8. शैक्षिक योग्यता : (सहायक दस्तावेज संलग्न करें)

क्र.सं.	**पाठ्यक्रम**	**विषय**	**विश्वविद्यालय/ संस्थान**	**उत्तीर्णता का वर्ष**	**कुल अंक/प्राप्त अंक/ डिविजन/ श्रेणी/ग्रेड**

9. कार्य अनुभव : (सहायक दस्तावेज संलग्न करें)

क्र.सं	संगठन/संस्थान	अवधि- तिथि से तिथि तक	कार्य की प्रकृति	टिप्पणियां

10. अनुलग्नक-1 के अनुसार अपेक्षित क्षेत्रों में अतिरिक्त योग्यताओं का विवरण अलग से संलग्न करें।

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

तारीख : ....

मोबाईल न. :..................................

ई-मेल आईडी...................................